आकाशवाणी मध्यप्रदेष
प्रादेशिक समाचार

दिनांक : 20 .02.2025 समय : 07.10

मुख्य समाचार :–

- मुख्यमंत्री कल प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को अंतरित करेंगे लैपटॉप के लिए राशि।
- भोपाल में होने वाली ग्लोबल इन्वेस्टर समिट के लिए तैयारियां जारी, आज से शहर के विभिन्न स्थानों पर कार्यक्रमों का आयोजन।
- खजुराहों नृत्य समारोह की आज से शुरूआत, वर्ल्ड रिकार्ड के लिए होगी प्रस्तुति।
- प्रदेश के शासकीय स्कूलों में 30 अप्रैल तक जारी रहेगी अतिथि शिक्षकों की सेवाएं।

## मुख्यमंत्री लैपटॉप राशि

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव dy प्रतिभाशाली विद्यार्थियों के बैंक खाते में लैपटॉप की राशि अंतरित करेंगे। राज्य स्तरीय कार्यक्रम प्रातः 10:30 बजे भोपाल के आरसीव्हीपी नरोन्हा प्रशासन अकादमी के स्वर्ण जयंती सभागार में होगा। स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री उदय प्रताप सिंह कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल की परीक्षा वर्ष 2023-24 में कक्षा 12 की बोर्ड परीक्षा में 75 प्रतिशत या उससे अधिक अंक से उत्तीर्ण होने वाले 89 हजार 710 प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को सिंगल क्लिक से उनके बैंक खातों में 224 करोड़ रूपये की राशि भी अंतरित करेंगे। ये विद्यार्थी वर्तमान में उच्च शिक्षा संस्थान में अध्ययन कर रहे हैं। प्रत्येक प्रतिभाशाली विद्यार्थी को 25 हजार रुपये की राशि स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा लैपटॉप खरीदने के लिये दी जा रही है।

## पीएम-एनडीए मुख्यमंत्री बैठक

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज नई दिल्ली में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन-एनडीए के मुख्यमंत्रियों और उपमुख्यमंत्रियों की बैठक की अध्यक्षता की। इस बैठक में केंद्रीय मंत्री अमित शाह, राजनाथ सिंह और जेपी नड्डा भी मौजूद थे। बैठक में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस तथा उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और अजीत पवार, आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू और उपमुख्यमंत्री पवन कल्याण, ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी, मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव, राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा, दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता समेत कई नेता शामिल हुए।

## प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना

प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के दूसरे चरण के लिए एक बार फिर आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। पहले चरण में छह लाख से अधिक आवेदन प्राप्त हुए थे। कॉरपोरेट मामलों के मंत्रालय ने कहा कि तेल, गैस और ऊर्जा, बैंकिंग और वित्तीय सेवाएं, यात्रा और आतिथ्य, ऑटोमोटिव और कई अन्य क्षेत्रों सहित 300 से अधिक कंपनियों ने युवाओं को उनकी रोजगार क्षमता बढ़ाने के लिए इंटर्नशिप के अवसर प्रदान किए हैं। दूसरे चरण में, प्रत्येक आवेदक अधिकतम तीन इंटर्नशिप के लिए आवेदन कर सकता है। यह योजना युवाओं को शीर्ष कंपनियों में 12 महीने की सशुल्क इंटर्नशिप प्रदान करने के लिए तैयार की गई है।

## प्रधानमंत्री सोल लीडरशिप

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल नई दिल्ली के भारत मंडपम में सोल लीडरशिप सम्मेलन के पहले संस्करण का उद्घाटन करेंगे। भूटान के प्रधानमंत्री दाशो शेरिंग तोबगे मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य भाषण देंगे। दो दिवसीय सम्मेलन एक प्रमुख मंच के रूप में काम करेगा, जहाँ राजनीति, खेल, कला और मीडिया, आध्यात्मिक दुनिया, सार्वजनिक नीति, व्यवसाय और सामाजिक क्षेत्र जैसे विविध क्षेत्रों के नेता अपनी प्रेरक जीवन यात्राएँ साझा करेंगे और नेतृत्व से संबंधित पहलुओं पर चर्चा करेंगे।

## ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट

भोपाल में होने जा रही ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट को लेकर जिला प्रशासन तैयारियों में जुटा है। 22 फरवरी तक सभी कामों को पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। मेहमानों के लिए बनाई जा रही टेंट सिटी में होटल जैसी सभी सुविधाएं जुटाई जा रही है। .समिट में देश-विदेश से लगभग 32 हजार मेहमानों के शिरकत करने की उम्मीद जताई जा रही। दूसरी और जिला पुरातत्व पर्यटन एवं संस्कृति परिषद भोपाल द्वारा समिट से पूर्व आज से 23 फरवरी तक शहर के विभिन्न स्थानों में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित कर रहा है। जिला कलेक्टर कौशलेन्द्र विक्रम ने कहा कि तैयारियां अंतिम दौर में चल रही है।

## अतिथि शिक्षक सेवाएं

प्रदेश के शासकीय विद्यालयों में शैक्षणिक व्यवस्था में रिक्त पदों के विरूद्ध सत्र 2024-25 में अतिथि शिक्षकों की सेवाएं ली गई हैं। लोक शिक्षण संचालनालय ने इस शैक्षणिक वर्ष में विद्यालय में व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित करने के लिये अतिथि शिक्षकों की सेवाएं 30 अप्रैल 2025 तक बढ़ा दी हैं। इस संबंध में संचालनालय ने समस्त जिला शिक्षा अधिकारी,

विकासखंड शिक्षा अधिकारी, संकूल प्राचार्य और शाला प्रभारियों को निर्देश जारी किये गये हैं।

केंद्र-एनसीडी अभियान

केंद्र ने आज एक विशेष गैर-संक्रामक रोग (एनसीडी) स्क्रीनिंग अभियान की शुरुआत की। अभियान का उद्देश्य 30 वर्ष और उससे ऊपर की आयु के सभी व्यक्तियों की पूरी तरह से स्क्रीनिंग करना है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि इस पहल का उद्देश्य आम गैर-संक्रामक रोगों, जैसे मधुमेह, उच्च रक्तचाप, और तीन सामान्य कैंसर - मुंह, स्तन और गर्भाशय ग्रीवा के कैंसर के लिए सभी व्यक्तियों की स्क्रीनिंग करना है।

ओटीटी दिशा-निर्देश

सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने ऑनलाइन क्यूरेटेड कंटेंट प्रकाशकों और ओटीटी प्लेटफॉर्म के स्व-नियामक निकायों के लिए एक दिशा-निर्देश जारी किया है। सूचना प्रौद्योगिकी नियम, 2021 में निर्धारित आचार संहिता का सख्ती से पालन सुनिश्चित करने के लिए इसे जारी किया गया है। आचार संहिता के अंतर्गत निर्धारित सामग्री के आयु आधारित वर्गीकरण के सख्त पालन पर जोर दिया गया है।

लाइफ

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि बॉयो फ्यूल योजना-2025 प्रधानमंत्री  नरेन्द्र मोदी के "लाइफ स्टाइल फॉर एनवायरनमेंट" - लाईफ अभियान के मूल सिद्धांतों के अनुरूप है, जिसमें सतत विकास को प्राथमिकता देते हुए जिम्मेदार उपभोग और उत्पादन पर जोर दिया गया है। उन्होंने कहा कि हरित और समृद्ध भविष्य के साथ, योजना से प्रदेश में बॉयो फ्यूल मैन्युफैक्चरिंग यूनिट्स, बॉयो ऊर्जा संयंत्र, फीड स्टॉक उत्पादन और आपूर्ति श्रृंखला के विभिन्न स्तरों पर रोजगार सृजित होंगे। "बॉयो फ्यूल योजना-2025" को मंत्रि-परिषद द्वारा पिछले दिनों अनुमोदित किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कि भोपाल में 24-25 फरवरी  को आयोजित होने वाले ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में इस योजना को प्रमुखता से प्रस्तुत किया जाएगा।

खजुराहो उत्सव

खजुराहो के एक हजार वर्ष प्राचीन मंदिरों की दिव्य आभा में आज से 51वें खजुराहो नृत्य समारोह की शुरुआत हो रही है। 26 फरवरी तक आयोजित होने वाले इस उत्सव में इस वर्ष

कई नए आयाम तथा अनुषांगिक गतिविधियां शामिल की गई हैं। संस्कृति एवं पर्यटन विभाग के प्रमुख सचिव शिव शेखर शुक्ला ने बताया कि सभी प्रमुख भारतीय शास्त्रीय नृत्यों कथक, भरतनाट्यम, कुचीपुड़ी, ओडिसी आदि के साथ शास्त्रीय नृत्य मैराथन (रिले) प्रस्तुति की जा रही है, जिसे गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड में दर्ज करने का प्रयास किया जाएगा।

समाचार संक्षेप में...

- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव dy राज्य कृषि विस्तार एवं प्रशिक्षण केन्द्र बरखेड़ी कलां, भोपाल में जैविक खेती पर दो दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ करेंगे।
- कटनी नगर निगम कार्यालय प्रांगण में आज मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत 46 कन्याओं के विवाह हुआ। इस दौरान प्रत्येक नवयुगल को गृहस्थी का सामान खरीदने उपहार स्वरूप 49 हजार रुपए का चेक प्रदान किया गया।
- शहडोल के पंडित एसएन शुक्ल विश्वविद्यालय के दोनो कैंपस में 13 करोड़ की लागत से एकेडमिक भवन बनाया जाएगा। कुलपति प्रोफेसर रामशंकर ने बताया कि पुराने कैंपस में 12 कमरों का डबल स्टोरी एकेडमिक ब्लॉक बनेगा।
- देवास जिला जेल विधिक साक्षरता शिविर में प्रधान जिला न्यायाधीश देवास अजय प्रकाश मिश्र ने बंदियों को अंडरट्रायल रिव्यू कमेटी के बारे में जानकारी प्रदान की।
- अनूपपुर सीएम हेल्पलाईन में दर्ज शिकायतों के निराकरण में अनूपपुर जिला स्वास्थ्य विभाग ने प्रदेश स्तरीय रैंकिंग में पूरे प्रदेश में प्रथम स्थान अर्जित किया है।
- आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी में आज दुबई में भारत और बांग्लादेश के बीच मुकाबला चल रहा है। बांग्लादेश ने भारत को 229 रनों का लक्ष्य दिया है। भारत के गेंदबाज मोहम्मद शमी ने पांच विकेट लिये।

---------------------------